**दिनांक–20.09.2024 (शुक्रवार) को प्राचार्य कक्ष में अपराह्न 03.30 बजे संपन्न हुई स्थानीय प्रबंधन समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की 34वीं बैठक की कार्यवाही :–**

1. उपस्थिति :– बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित हुए :–

| क्र.सं. | नाम | स्थानीय प्रबंधन समिति में धारित पद | उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री संतोष कुमार, प्राचार्य<br>नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | अध्यक्ष | उपस्थित |
| 2 | श्री रवि रंजन, शिक्षक,<br>नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | सदस्य | उपस्थित |
| 3 | श्रीमती राधा कुमारी, शिक्षिका,<br>नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | सदस्य | उपस्थित |
| 4 | श्री रौशन कुमार बक्शी, प्रशासनिक पदाधिकारी,<br>नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | सदस्य | उपस्थित |

**02.** आगामी विद्यालय दिवस 15 नवंबर, 2024 में अतिथियों, शिक्षकों, प्रशिक्षकों एवं कर्मियों के रात्रि प्रीतिभोज के आयोजन के विचार–विमर्श के क्रम में निर्णय लिया गया कि सर्वप्रथम विद्यालय दिवस के निमित्त सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की एक बैठक आहूत करा ली जाये एवं प्रत्येक वर्ष की भाँति विभिन्न कार्यक्रमों यथा–भोजन व्यवस्था, आवासन व्यवस्था, साज–सजावट इत्यादि के लिए विभिन्न स्तरों पर आंतरिक समिति गठित करते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई की जाये। भोजनादि व्यवस्था हेतु गठित समिति से एक रिपोर्ट प्राप्त कर ली जाये एवं प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर अग्रेतर कार्रवाई की जा सकती है।

**03.** विद्यालय दिवस, 2024 के आयोजन पर विद्यालय परिसर / ऑडिटोरियम, मुख्य द्वार में लाईट एवं फूल माला की सजावट हेतु गत वर्ष किये गये कार्यो के आधार पर ही अग्रेत्तर कार्रवाई किये जाने का निर्णय लिया गया।

**04.** विद्यालय पत्रिका **"सर्जना"** की ससमय छपाई हेतु निर्णय लिया गया कि पत्रिका के **सम्पादक,** डॉ0 नरेन्द्र कुमार मंडल से अनुरोध किया जाये कि अभिलेखों के संकलन का कार्य **तीव्रगति से प्रारंभ करें,** ताकि ससमय एवं सही रूप से पत्रिका की छपाई का कार्य हो सके।

**सधन्यवाद! बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

20/9/24 — (रौशन कु0 बक्शी)
सदस्य, स्थानीय प्रबंधन समिति

20/9/24 — (राधा कुमारी)
सदस्य स्थानीय प्रबंधन समिति

20/09/24 — (रविरंजन)
सदस्य, स्थानीय प्रबंधन समिति

20/09/24 — (संतोष कुमार)
अध्यक्ष
स्थानीय प्रबंधन समिति